# अतिक्रमण हटाने गई टीम पर पथराव

## जान बचाकर भागे कर्मचारी, डिप्टी रेंजर समेत तीन घायल

**गुना. जिले के फतेहगढ़ वन परिक्षेत्र में अतिक्रमण हटाने गई वन विभाग की टीम पर दबंगों ने गत दोपहर प्राणघातक हमला कर दिया. कलोरा बीट के कर्मदा जंगल में हुई इस घटना में डिप्टी रेंजर समेत तीन लोग घायल हो गए.**

हमला इतना अचानक और तीव्र था कि वनकर्मी अपनी जान बचाकर जंगल से भागने को मजबूर हो गए. हमले का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें



कर्मचारी पथराव और मारपीट से बचते नजर आ रहे हैं. घटना के अनुसार, वर्षों से कर्मदा के जंगल में दबंगों द्वारा आदिवासियों की आड़ लेकर अवैध अतिक्रमण किया जा रहा है. हाल ही में एक बड़े अतिक्रमण को हटाने के लिए वन विभाग ने जेसीबी मशीन के साथ मौके पर कार्रवाई शुरू की थी. तभी अचानक बड़ी संख्या में लोग वहां पहुंच गए और विभागीय अमले पर पथराव और मारपीट शुरू कर दी. इस दौरान सरकारी वाहन में भी तोडफ़ोड़ की गई.

हमले में डिप्टी रेंजर लाखन सिंह शिवहरे, वन रक्षक लक्ष्मी नारायण सावरी और एक चौकीदार गंभीर रूप से घायल हुए. तीनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है. डिप्टी रेंजर ने बताया कि वे अपनी टीम के साथ अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई कर रहे थे, तभी खडेला सरपंच सहित करीब दो दर्जन लोगों ने मिलकर हमला कर दिया. आरोप है कि इस हमले में कर्मदा, कलोरा, खडेला और सिंगापुर गांव के लोग शामिल थे और इनके पीछे इलाके के कई बाहुबली लोगों का समर्थन है. वन अधिकारियों का कहना है कि हमलावरों के कब्जे में कई हेक्टेयर वन भूमि है, जिस पर लंबे समय से अवैध रूप से खेती और निर्माण किया जा रहा है. खास बात यह है कि जब वन विभाग की टीम हमले की शिकायत दर्ज कराने फतेहगढ़ थाने पहुंची तो सीमा क्षेत्र का हवाला देकर पुलिस ने आवेदन तक लेने से इंकार कर दिया. इससे विभागीय कर्मचारियों में गहरा आक्रोश है और प्रशासन की भूमिका पर सवाल उठने लगे हैं. बमोरी पुलिस ने घटना के एक दिन बाद सात नामजद आरोपियों पर तोडफ़ोड़ और मारपीट की धाराओं में मामला दर्ज किया है. हालांकि अभी तक किसी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है.



# स्कूली छात्र-छात्राओं से भरी बस पलटी, बच्चे बाल-बाल बचे

**मक्सी, 20 अगस्त. बुधवार सुबह ग्राम खरेली से मक्सी आ रही कौटिल्य एजुकेशन एकेडमी मक्सी की स्कूल बस क्रमांक एमपी 42 पी 0201 नाले में पलट गई. बस में सवार 20 से अधिक बच्चे बाल बाल बचे, कुछ बच्चों को मामूली चोटें आईं.**

ड्राइवर पहले तो बच्चों को बस से निकालने में लगा फिर ग्रामीणों को आता देख बस छोड़कर मौके से फरार हो गया. गनीमत रही कि समय रहते ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला. घटना के बाद पूरे क्षेत्र में हडकंप मच गया. आक्रोशित ग्रामीणों ने स्कूल प्रबंधन की बड़ी लापरवाही को उजागर करते हुए बताया कि बस में फर्स्ट एड बॉक्स तो था, लेकिन उसमें न तो जख्मों पर लगाने की दवाईया थी और न ही कोई प्राथमिक उपचार की किट. सिर्फ डेटॉल की एक खाली बोतल पाई गई.फर्स्ट एड बॉक्स में खामी के चलते बच्चों पर घटना स्थल पर इलाज नहीं हो सका जिन्हें बाद में अस्पताल भेजा गया.

### टोंक कला पुलिस ने की त्वरित कार्रवाई

चुकी हादसा खरेली मार्ग का है तो यह मामला देवास जिले के टोंक कला चौकी अंतर्गत आता है.घटना के बाद ग्रामीणों के साथ चौकी जाकर फरियादी दयाल सिंह पिता मानसिंह राजपूत ने टोक कला चौकी में स्कूल ड्राइवर के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई. पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है और पलटी खाई हुई बस को थाने में लाकर जप्त कर लिया गया है. इधर ग्रामीणों ने मांग की है कि स्कूल प्रबंधन पर सख्त कार्रवाई हो और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए स्कूल वाहनों की नियमित जांच की जाए.

# पीएम आवास के लिए जिला पंचायत गेट पर ग्रामीणों का धरना

**घटना और भटुनी के ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन,अधिकारी ने पुलिस बुलवाई**

नवभारत न्यूज

**रतलाम। घटला और भटुनी के ग्रामीण पीएम आवास योजना का लाभ दिए जाने की मांग को लेकर बुधवार को जिला पंचायत कार्यालय रतलाम के गेट पर प्रदर्शन करते हुए धरने पर बैठ गए। प्रदर्शन में ग्राम पंचायत के सरपंच, जनप्रतिनिधि सहित गांव की महिलाएं शामिल थी।**

ग्राम पंचायत के सरपंच एवं जनप्रतिनिधियों सहित गांव की महिलाएं बुधवार को जिला पंचायत पहुंचकर धरने पर बैठी।



ग्रामीणों की मांग है कि जब तक उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ देने का लिखित आश्वासन नहीं मिलता है तब तक वह धरने से नहीं हटेंगे।

वहीं समस्या का समाधान करने की बजाय जिला पंचायत रतलाम के एडिशनल सीईओ निर्देशक शर्मा ने प्रदर्शन कर रहे लोगों को शासकीय कार्य में बाधा का प्रकरण दर्ज करवाने की धमकी दे डाली।

करीब डेढ़ घंटे तक चले प्रदर्शन के बाद सीईओ श्रृंगार श्रीवास्तव द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ देने में आ रही तकनीकी त्रुटि को सुधारने एवं सभी पात्र लोगों का नाम जोड़े जाने का आश्वासन दिया,इसके बाद ग्रामीण धरना समाप्त करने को राजी हुए।

# कार्यपालन यंत्री ने मांगे 24 हजार

## लेखा लिपिक को ईओडब्ल्यू ने दबोचा

- रोहित बारोलिया ने ईओडब्ल्यू में की थी शिकायत
- हैंडपंपों के रखरखाव का अटका था 2,47,000 का भुगतान

**जबलपुर. आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ ( ईओडब्ल्यू ) ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री और लेखा लिपिक को 24 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों दबोचा.**

रोहित बारोलिया ने ईओडब्ल्यू में शिकायत की थी कि वर्ष 2022- 23 में सिहोरा ब्लॉक में हैंडपंपों के रखरखाव का काम किया था. इस काम का अंतिम बिल 2,47,000 का था. इस बिल के भुगतान के लिए आरोपी शरद कुमार सिंह,



कार्यपालन यंत्री, और विकास पटेल, वरिष्ठ लेखा लिपिक, दोनों मिलकर बिल की कुल राशि का 5-5 प्रतिशत, यानी कुल 24,000 की रिश्वत मांग रहे थे. शिकायत के सत्यापन के बाद रिश्वत लेते दोनों को दबोचा गया. दोनों के खिलाफ भ्रष्टाचार का केस दर्ज किया गया.

# शराब बंदी उल्लंघन करने वालों को मिलेगी सजा

## बागली विधायक मुरली भंवरा ने भी दिया प्रोत्साहन

**बागली. बागली जनपद क्षेत्र से जुड़े आदिवासी बाहुल्य ग्राम पोटला मे सभी ग्रामीणों की आपसी सहमति अवैध एवं वेध शराब बिक्री पर प्रतिबंध लगाने के साथ-साथ शराब पीना और पिलाना अपराध माना जाएगा विगत दिनों हुई ग्राम सभा में**

सरपंच प्रतिनिधि सोमला भाई डोडवे सनातन विचार मंच स्थानीय समिति के अध्यक्ष लोकेश जैन वन कर्मचारी पंकज गहलोत गांव के पटेल गणेश पटेल आदी की उपस्थिति में पूरे गांव में शराब बंदी का निर्णय लिया गया. इस दौरान पंचायत से जुड़े सभी ग्रामीणों की बैठक ली गई और तय किया गया कि ग्राम पोटला सीमा में अवैध शराब का कारोबार कोई नहीं करेगा शराब बेचने वालों को भी चेतावनी दी गई की यदि कोई शराब बेचते पाया गया तो उसके विरुद्ध आर्थिक दंड की और सामाजिक दंड की सख्त कारवाई होगी जिसका जिम्मेदार वहां स्वयं रहेगा सनातन विचार समिति सदस्यों ने ग्रामीणों के साथ घर-घर जाकर शराब पीने के दुष्परिणाम बताएं शराब बंदी और बिक्री पर लगी पाबंदी पहल का सभी ग्रामीणों ने समर्थन करते हुए शराब बंदी और बिक्री पर रोक लगाने के लिए बनाए गए नियम को सफल बनाने के लिए एकजुटता दिखाई. इस दौरान शपथ ली गई की हम हमारे गांव पोटला को मध्य प्रदेश में एक आदर्श ग्राम बनाकर मिसाल पेश करेंगे.

### विधायक ने भी की बड़ी घोषणा

क्षेत्रीय विधायक मुरली भंवरा ने पोटला वीडियो की इस पहल पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यदि यहां पर शराब बंदी लागू होती है तो इस गांव मे विशेष रूप से बड़े पैकेज के तहत शासकीय सहायता की जाएगी. बाल वाटीका सामुदायिक संस्कार भवन एवं धार्मिक कार्यों में पूर्ण सहयोग भी किया जाएगा.

# तिहरे हत्याकांड के आरोपियों को आजीवन कारावास

**दमोह.** न्यायालय उदय सिंह मरावी, विशेष न्यायाधीश (एट्रोसिटीज एक्ट) दमोह की अदालत ने आरोपीगण जगदीश पटेल, सौरभ पटेल, घनश्याम पटेल, मनीष पटेल, वंदना पटेल कोदूलाल पटेल सभी निवासी-ग्राम देवरान, चौकी सागर नाका थाना-दमोह देहात को भां.द.वि. की धारा 302 में तिहरा आजीवन कारावास, धारा 3(2)(वी) एससी/एसटी एक्ट में आजीवन कारावास की सजा धारा 307 भादवि में 5-5 वर्ष का सश्रम कारावास धारा 148 भादवि में 2-2 का सश्रम कारावास धारा 30, आर्म्स एक्ट में 6-6 माह का सश्रम कारावास व समस्त आरोपीगणों को कुल 19500 रूपये के अर्थदंड से दंडित किया गया. मामले में पैरवी सहायक निदेशक अभियोजन धर्मेंद्र सिंह तारन के निर्देशन में सहायक जिला अभियोजन अधिकारी सतीश कपस्या द्वारा की गई व सहायक तरुण कुमार सोनी व आरक्षक भूपेंद्र पांडे द्वारा आवश्यक सहयोग किया गया. घटना का संक्षिप्त विवरण फरियदिया द्वारा रिपोर्ट लेख कराई कि दिनांक 25 अक्टूबर 22 के सुबह करीब 6 बजे की बात है, मैं अपने घर देवरान पर वर्तन धो रही थी, सास राजप्यारी बाहर गोवर उठा रही थी, पति मानक अहिरवार घर के बाहर कोदू की दुकान की तरफ गये थे.

# रिटायर्ड बैंक कर्मचारी से 8 .80 लाख की ठगी

**ग्वालियर. पंजाब नेशनल बैंक के सेवानिवृत्त कर्मचारी ने फेसबुक पर पीएनबी वन एप का विज्ञापन देखकर डाउनलोड करना चाहा तो वह डाउनलोड तो हुआ नहीं लेकिन वह ठगी का शिकार हो गये. कुछ देर बाद उनके पास पीएनबी वन एप का अधिकारी बताने वाले एक ठग का कॉल आया.**

उनको एप डाउनलोड कराने ऑनलाइन प्रोसेस शुरू की. फार्म भराते गये और इस बीच उनके अकाउंट से कैश निकलता गया. सेवा निवृत्त कर्मचारी ने इस पर आपत्ति भी ली. लेकिन बैंक अधिकारी बनकर ठग रहे शख्स ने विश्वास दिलाया कि यह सारे रूपये 24 घंटे के अंदर अकाउंट में वापिस आ जायेंगे. घटना न्यू जीवाजी नगर थाटीपुर की है. रूपये वापिस नहीं लौटे. ठग ने कॉल रिसीव करना बंद कर दिया. पीड़ित व्यक्ति एसपी ग्वालियर से मिले जिसके बाद साइबर क्राइम थाने में मामला दर्ज कर लिया है.

न्यू जीवाजी नगर थाटीपुर निवासी 70 वर्षीय सत्य प्रकाश पीएनबी बैंक से रिटायर्ड कर्मचारी हैं. वे मोबाइल में फेसबुक चला रहे थे. तभी पीएनबी बैंक वन एप का एड दिखाई दिया.

जिसमें से बैंक जाने की परेशानी से बचने और घर बैठे ही बैंक का काम करने की जानकारी दिखाई दी.

वे ऑनलाइन एप डाउनलोड करने लगे. काफी देर तक डाउनलोड नहीं हुआ तो उन्होंने उसे बंद कर दिया. 2 घंटे बाद मोबाइल पर अनजान मोबाइल नंबर से कॉल आया. जिसमें ट्रू कॉलर पर पीएनबी लिखा था. कॉल करने वाले ने अपना नाम राहुल कुमार बताया और कहा कि वह पीएनबी वन एप में अफसर है. उसने एप के बारे में जानकारी दी और उनके मोबाइल पर वॉट्सएप कॉल किया. इसके बाद वह उन्हें बताता गया और जानकारी लेता गया. ऑनलाइन फॉर्म भरते-भरते खाते से रूपये निकलते गए.

### आकाशीय बिजली गिरने से वृद्ध एवं बकरियों की मृत्यु

**सीधी.** चुरहट विधानसभा अंतर्गत ग्राम चोभरा में आकाशीय बिजली गिरने से चोभरा निवासी बैजनाथ यादव एवं उनकी बकरियों की मृत्यु हो गई है.

### चाय दुकान की आड़ में बिक रही थी शराब

**जबलपुर.** बरेला थाना अंतर्गत जमुनिया तिराहा में चाय दुकान की आड़ में शराब बिक रही थी. जिसकी भनक लगते ही पुलिस ने दबिश देकर अवैध शराब के कारोबार में लिप्त आरोपी को गिरफ्तार किया. बरेला थाना प्रभारी विजय कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि ग्राम जमुनिया तिराहा में विनोद रैकवार अपने मकान में चाय दुकान पर अवैध शराब बेचने के लिये रखा था. चाय दुकान पर दबिश दी गई, विनोद रैकवार 41 वर्ष निवासी लोकसागर तालाब को पकड़ा गया, चाय दुकान में प्लास्टिक की 2 बोरी में कुल 309 पाव देशी शराब रखी मिली.

# कार लूटने की नीयत से ड्रायवर की हत्या

## 3 आरोपियों को आजीवन कारावास

**सीतामऊ/मंदसौर. अपर सत्र न्यायाधीश मुनेन्द्र सिंह वर्मा, सीतामऊ की अदालत ने कार लूटने की नीयत से ड्रायवर की हत्या करने वाले तीन आरोपियों को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास एवं जुर्माने की सजा सुनाई.**

अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी एडीपीओ बलराम सोलंकी ने बताया कि 11 जनवरी 2021 को आरोपी राहुलसिंह राजपूत निवासी बैलारा, पंकज टेलर निवासी बैलारा एवं विशाल सूर्यवंशी निवासी लोध ने किराये की कार मंगवाकर ड्रायवर अनिल की हथौड़ी से हत्या कर कार लूट ली थी. अगले दिन सुबह अनिल का शव महू-नीमच बायपास पर ग्राम हैदरवास के जंगल में झाड़ियों से बरामद हुआ.

घटना के बाद सक्रिय पुलिस टीम ने राजस्थान सीमा पर कार समेत आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया. पूछताछ में आरोपियों ने हत्या और लूट की वारदात स्वीकार की. मामले की विवेचना निरीक्षक अमित सोनी व उपनिरीक्षक कपिल सौराष्ट्री ने की. अपर सत्र न्यायाधीश ने अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों व तर्कों के आधार पर आरोपीगण को धारा 302 भादवि में आजीवन कारावास की सजा सुनाई. प्रकरण में अभियोजन का संचालन विजय कुमार पाटीदार, एस.आर. गरवाल एवं बिहारी बघेल एडीपीओ ने किया.

### गरोठ पुलिस ने 3 नाबालिगों को किया दस्तयाब

**गरोठ.** नगर के विमुक्त जाति कन्या छात्रावास से लापता हुई 3 नाबालिग बालिकाओं को गरोठ पुलिस ने 72 घंटे में सकुशल दस्तयाब कर लिया है. छात्रावास अधीक्षिका डॉ. कृष्णा सकवार ने 16 अगस्त को थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि तीन नाबालिग छात्राएं छात्रावास परिसर से बिना बताए कहीं चली गई हैं. अपराध क्रमांक 336/25, 337/25 एवं 338/25 धारा 137(2) बीएनएस प्रकरण पंजीबद्ध कर जांच प्रारंभ की गई.

### युवक की जेसीबी मशीन की चपेट में आने से मौत

**नीमच.** जिले के जीरन थाना क्षेत्र के सिमखेड़ा गांव में एक दर्दनाक हादसा हुआ, जिसमें 30 वर्षीय युवक की जेसीबी मशीन की चपेट में आने से मौत हो गई. युवक अपने खेत पर काम कर रहा था, तभी अचानक यह हादसा हुआ. सिमखेड़ा निवासी पवन पिता रमेश बावरी अपने खेत में जेसीबी मशीन पर कुछ काम कर रहे थे. जेसीबी मशीन का एक भारी हिस्सा अचानक टूटकर उनकी गर्दन पर गिर गया. यह चोट इतनी गंभीर थी कि पवन की मौके पर ही मौत हो गई. हादसे के तुरंत बाद, पवन को जिला अस्पताल ले जाया गया. जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. शव का पोस्टमार्टम किया गया और पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर लिया है.

# पहली बार 3 सगे भाईयों का एक साथ जिलाबदर

**शाजापुर, 20 अगस्त. शाजापुर जिले में संभवत: यह पहला जिलाबदर होगा, जिसमें तीन सगे भाईयों को एकसाथ जिले की सीमाओं से बाहर किया गया है.**

अपराध और अपराधियों पर नकेल कसने के लिए शाजापुर पुलिस द्वारा जिलाबदर जैसी कार्यवाही की जा रही है. इस बार जिलाबदर की कार्यवाही इसलिए चर्चा में है कि तीन सगे भाई इमरान पिता लियाकत खान, फरहान पिता लियाकत खान और निशान पिता लियाकत खान को लंबे समय से अपराधिक, सामाजिक विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने, लोगों के साथ मारपीट करने, अवैध हथियार रखने, सट्टे का संचालन करने एवं शासकीय आदेशों की अवहेलना करने जैसे कृत्य शामिल है. नगर की शांति व्यवस्था, जनसाधारण की सुरक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा था.

शहर में लंबे समय से अपराधिक गतिविधियों में शामिल तीनों भाईयों के खिलाफ वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा जिलाबदर की कार्यवाही की गई है. अन्य अपराधियों के खिलाफ भी आगे कार्यवाही की जाएगी.

**संतोष वाघेला,**
कोतवाली टीआई, शाजापुर

### ट्रक चालक ने 10 किमी तक घसीटकर ली गाय की जान, चालक फरार

**कटनी.** जिले की स्लीमनाबाद तहसील में बीती रात दर्दनाक घटना सामने आई. रात करीब 9 बजे एक ट्रक चालक की लापरवाही से सड़क हादसे में एक गाय की जान चली गई. बताया जाता है कि ट्रक की टक्कर के बाद गाय वाहन के नीचे फंस गई और चालक ने करीब 10 किलोमीटर तक उसे घसीटा. घटना के दौरान बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने ट्रक का पीछा किया. पीछा करने के दौरान एक कार्यकर्ता घायल भी हो गया. इसी बीच पीछे से आ रहे एक अन्य ट्रक ने भी दो गायों को टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई. सूचना मिलते ही जिला गौ सुरक्षा प्रमुख शानू ठाकुर अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे.

**लापरवाही** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र देवसर का हाल, मरीज से लेकर आमजन परेशान

# सीएससी में नही बैठते बीएमओ, चिकित्सकों की मनमानी

**देवसर, 20 अगस्त. सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र देवसर की स्वास्थ्य व्यवस्थाएं बेपटरी पर हो गई हैं. एक ओर जहां एक दशक के ज्यादा समय से मौजूदा बीएमओ नियमित अस्पताल नही आते. वही दूसरी ओर चिकित्सको की मनमानी से मरीज भी परेशान हैं.**

दरअसल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र देवसर में इन दिनों भर्रेशाही मची हुई है. आरोप है कि बीएमओ के लापरवाही से स्वास्थ्य व्यवस्था बेपटरी पर है. बीएमओ का अस्पताल में दर्शन में बहुत कम होते हैं. अपने




आवास में ही मरीजों को ज्यादातर देखते हैं. जिसके चलते अन्य कुछ चिकित्सक भी उन्हीं के नक्शेकदम पर चलने लगे हैं. जिसका असर मरीजों पर पड़ रहा है. आलम यह है कि मरीज चिकित्सकों के इंतजार में कई घंटो तक वेटिंग हाल में बैठे रहते हैं. बमुश्किल से चिकित्सक तो आते हैं, लेकिन बीएमओ का आना मुश्किल हो जाता है. चर्चाएं है कि बीएमओ डॉ. सीएल सिंह पिछले एक दशक के ज्यादा समय से देवसर स्वास्थ्य केन्द्र में पदस्थ हैं. इनका तबादला तक नही हुआ. लम्बे अर्से से पदस्थ हैं. कुछ मरीजों ने यहां तक बताया कि जब बीएमओ ही अस्पताल नही आते तो अन्य चिकित्सक व स्वास्थ्य सेवको पर कौन दबाव उठाएगा और मरीज इन्ही कारणों से परेशान हैं.

### सीएससी में मरीज घंटो करते हैं इंतजार

आलम यह है कि चिकित्सको की मनमानी के चलते मरीज वेटिंग हाल में घंटो तक बैठ कर चिकित्सको के आने का इंतजार करते हैं. यह समस्या आज से नही काफी दिनों से है. लेकिन बीएमओ उक्त समस्या का निदान नही करा पा रहे हैं. आलम यह है कि अस्पताल की साफ-सफाई व्यवस्था भी ठीक-ठाक नही है. अस्पताल के ईर्द-गिर्द कचरा ही कचरा नजर आता है. वार्डो में भी गंदगी बनी रहती है. कई बार मरीजों ने भी टोका-टिप्पणी भी किया, लेकिन बीएमओ पर इसका कोई असर नही पड़ रहा है. वे ज्यादातर समय अपने आवास में देते हैं. चर्चाएं हैं कि वही पर उनकी खुद की क्लीनिक भी है. इन आरोपो में कितनी सच्चाई है, यह तो बीएमओ ही बता पाएंगे. लेकिन यहां के प्रबुद्ध नागरिको की बात माने तो सीएससी देवसर की चिकित्सकीय व्यवस्था अस्त-व्यस्त है.

# पुलिस की कार्रवाई, 9 आरोपियों को दबोचा

**बटियागढ़/दमोह. बटियागढ़ थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है.भैंस चोरी की तीन बड़ी वारदातों का खुलासा करते हुए पुलिस ने 9 आरोपियों को दबोचा है. चोरी हुई भैंसों के साथ-साथ पिकअप वाहन और नगद राशि भी पुलिस ने बरामद की है.**

बटियागढ़ थाना पुलिस ने चोरी की घटनाओं में शामिल 9 शातिर चोरों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भैजा. 15 जुलाई को ग्राम खड़ेरी, 8 अगस्त को ग्राम सौरई और 21 जुलाई को ग्राम घूघस में हुई, तीन बड़ी भैंस चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में दहशत थी. पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच शुरू की.साइबर सेल की मदद और मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने



दबिश देकर आरोपियों को गिरफ्तार किया. पूछताछ में आरोपियों ने वारदात को अंजाम देने की बात स्वीकार की.

पुलिस ने उनके कब्जे से दो पिकअप वाहन, 25 हजार नगद और 6 चोरी की गई भैंसे बरामद की.बरामद माल की कुल कीमत करीब 21 लाख रुपए बताई जा रही है. थाना प्रभारी सुधीर कुमार बेगी ने बताया कि भैंस चोरी की तीन बड़ी वारदातों का खुलासा किया गया है. कुल 9 आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं, आरोपियों से पिकअप वाहन, नगदी और भैंसें बरामद की गई हैं आगे की जांच जारी है.पुलिस की इस बड़ी कार्रवाई से न केवल चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगेगा बल्कि ग्रामीणों में भी राहत की सांस देखी जा रही है.